कार्यालयः– सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

पत्रांकः – उ0वि0शि0प0 / डी0एल0एड0प्र0प0 / ~~134~~ 133 / 2024–25 दिनांक 30 सितम्बर, 2024

डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2022–23

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) की विज्ञप्ति उ0वि0शि0प0 / डी0एल0एड0प्र0प02022–23 / विज्ञप्ति 01 / 162–66 / 2024–25 दिनांक 04 सितम्बर 2024 के द्वारा दिनांक 30 नवम्बर 2024 को प्रस्तावित द्विवर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेन्टरी एजुकेशन **(डी0एल0एड0)** प्रवेश परीक्षा 2022–23 हेतु दिनांक 05 सितम्बर 2024 से 28 सितम्बर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। उक्त के क्रम में अभ्यर्थियों द्वारा किये गये ऑनलाइन आवेदन में यदि कोई त्रुटि हुई है तो त्रुटि सुधार हेतु पोर्टल **दिनांक 01 अक्टूबर 2024 से 03 अक्टूबर 2024 (11:59 PM) बजे तक** खोला जायेगा। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों में **(शुल्क को छोड़कर)** वांछित संशोधन कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के उपरान्त किसी भी दशा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाना संभव नहीं होगा।

30/9/2024

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर, नैनीताल

पृ0सं0: उ0वि0शि0प0 / डी0एल0एड0प्र0प0 / ~~133~~ 133 / 2024–25 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः– सम्पादक, अमर उजाला, दैनिक जागरण, उत्तर उजाला, हिन्दुस्तान एवं राष्ट्रीय सहारा को इस आशय के साथ प्रेषित कि वे अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र के उस संस्करण में जिसका प्रचार–प्रसार पूरे राज्य में हो, विज्ञप्ति को जनहित में 8X10 साइज में शासकीय दरों पर प्रकाशित करने का कष्ट करें। भुगतान हेतु बिल जिला सूचना अधिकारी द्वारा प्रमाणित कर दो प्रतियों में परिषद कार्यालय के डी0एल0एड0 अनुभाग को उपलब्ध करायें।

30/9/2024

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर, नैनीताल